भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 2907
उत्तर देने की तारीख: गुरुवार,13 अगस्त, 2026
22 श्रावण,1948 (शक)

रक्षित स्मारकों का संरक्षण

2907. **डा. सैयद नसीर हुसैनः**

क्या ***संस्कृति*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत संरक्षण की आवश्यकता वाले रक्षित स्मारकों की संख्या कितनी है;

(ख) विगत पाँच वर्षों के दौरान संरक्षण पर राज्यवार कितना व्यय किया गया है; और

(ग) संकटग्रस्त स्मारकों के रूप में चिह्नितकिए गए स्मारकों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की देखभाल और रखरखाव के तहत 3688 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार, इन स्मारकों/स्थलों पर संरक्षण, अनुरक्षण और विकास काकार्य करता है और यह एक सतत् प्रक्रिया है।

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के संरक्षण पर किए गए व्यय का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग): सभी केंद्रीय संरक्षित स्मारक भली-भांति परिरक्षित हैं और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षण के तहत ऐसा कोई भी स्मारक नहीं हैं, जिसे खतरे में माना गया हो।

अनुबंध-I

राज्य सभा में दिनांक 13.08.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2907 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पिछले पांच वर्षों के दौरान संरक्षित स्मारकों के संरक्षण, परिरक्षण और पर्यावरण विकास के लिए किए गए व्यय का विवरण

(राशि रु. करोड़ में)

क्र.सं.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम	मंडल	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
			व्यय	व्यय	व्यय	व्यय	व्यय
1.	उत्तर प्रदेश	आगरा	19.35	21.15	23.52	15.90	16.30
		झांसी	4.15	7.00	5.82	6.10	8.95
		लखनऊ	10.44	19.03	16.93	8.91	8.30
		सारनाथ	5.50	10.15	11.32	7.62	10.21
		मेरठ	2.80	6.20	7.95	6.64	8.59
2.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद	7.99	18.70	26.80	8.60	10.80
		मुंबई	12.00	15.35	15.56	18.19	16.94
		नागपुर	4.50	4.99	10.18	10.60	15.05
3.	कर्नाटक	बैंगलोर	9.75	19.85	17.34	8.55	13.51
		हम्पी	8.00	10.00	12.25	6.52	9.08
		धारवाड़	7.32	10.08	9.57	7.46	6.00
4.	मध्यप्रदेश	भोपाल	11.50	14.90	17.22	12.30	12.78
		जबलपुर	4.75	8.00	9.27	6.99	6.46
5.	ओडिशा	भुवनेश्वर/पुरी	8.23	13.17	12.29	11.37	10.03
6.	पश्चिम बंगाल,	कोलकाता (86	7.57	10.16	9.10	6.01	4.82
7.	पश्चिम बंगाल, सिक्किम	रायगंज	5.00	7.00	8.00	6.10	8.40
8.	तमिलनाडु, पुडुचेरी	चेन्नई	8.00	11.45	12.95	13.14	10.70
		त्रिची	4.0	8.50	9.55	5.80	5.90
9.	पंजाब	चंडीगढ़	1.50	6.53	11.00	8.40	12.20
	हरयाणा						
10.	हिमाचल प्रदेश	शिमला	1.15	8.90	5.00	2.79	2.10
11.	दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र)	दिल्ली	19.08	30.35	36.14	24.94	42.00
12.	गोवा	गोवा	7.00	10.45	9.90	9.00	5.41
13.	असम	गुवाहाटी	3.30	7.44	8.78	5.71	4.46
	मेघालय						
	नगालैंड						
	अरूणाचल प्रदेश						
14.	मणिपुर	आइजोल	1.25	2.00	1.29	1.25	1.30
	मिजोरम						
	त्रिपुरा						
15.	राजस्थान	जयपुर	7.53	10.28	12.75	10.91	8.40
		जोधपुर	4.50	7.65	10.65	9.24	8.90
16.	तेलंगाना	हैदराबाद	6.80	15.50	14.38	6.77	14.90
17.	आंध्र प्रदेश	अमरावती	5.75	11.60	14.70	12.90	15.35
18.	बिहार	पटना	3.35	9.00	16.00	8.73	15.30
19.	जम्मू एवंकश्मीर (यू.टी.)	श्रीनगर	2.55	6.03	7.17	4.89	5.95
20.	लद्दाख (यूटी)	लेह मंडल	0.43	1.92	3.50	2.20	4.65
21.	केरल	त्रिशूर	6.82	7.50	7.09	6.30	4.42
22.	गुजरात दमन और दीव (यूटी)	वडोदरा	8.00	11.00	12.00	7.69	10.50
	गुजरात	राजकोट	2.50	3.09	2.50	3.00	4.84
23.	उत्तराखंड	देहरादून	3.75	4.85	5.42	5.10	6.80
24.	छत्तीसगढ	रायपुर	4.78	7.50	5.94	8.19	16.51
25.	झारखंड	रांची	1.16	2.00	2.15	2.25	2.59
		रासायनिक संरक्षण (अखिल भारतीय)	6.48	9.89	8.36	3.74	6.19
		बागवानी गतिविधि (अखिल भारतीय)	19.32	--	--	--	--
		महानिदेशक कार्यालय	11.73	2.77	13.19	2.15	1.08
		संरक्षित	0.00	--	--	--	0.00
		कुल	**269.57**	**391.93**	**443.53**	**313.04**	**376.67**

*****